Alberta

समाचार विज्ञप्ति

एल्बर्टा के वरिष्ठजन अब COVID-19 टीकों के लिए पात्र हैं

19 फरवरी 2021

एल्बर्टा की सरकार 75 वर्ष और इससे अधिक आयु के सभी वरिष्ठजनों को COVID-19 टीके प्रस्तुत करना आरंभ करेगी।

19 फरवरी से एल्बर्टा स्वास्थ्य सेवाएँ (Alberta Health Services) सेवानिवृत्त केंद्रों, लॉजों, समर्थन-प्राप्त आवासों और अन्य सँयुक्त आवास सुविधाओं के 75 वर्ष या इससे अधिक आयु के सभी निवासियों को सीधे टीके प्रस्तुत करना आरंभ कर देगी।

24 फरवरी से समुदाय में रहने वाला कोई भी एल्बर्टावासी, जिसका जन्म 1946 या इससे पहले हुआ था, COVID-19 टीके के लिए एपॉइंटमेंट की बुकिंग करने का पात्र होगा। एपॉइंटमेंट की उपलब्धता टीकों की आपूर्ति पर आधारित होगी।

स्वतंत्र रूप से और सामुदायिक आवासों में रहने वाले वरिष्ठजन

1946 या इससे पहले जन्में सभी लोग टीका प्राप्त करने में सक्षम होंगे, चाहे वे जहाँ भी रहते हैं। वरिष्ठजन एल्बर्टा स्वास्थ्य सेवाओं (Alberta Health Services) के माध्यम से ऑनलाइन और टेलीफोन बुकिंग प्रणाली का उपयोग करके अपने टीकाकरण एपॉइंटमेंट की बुकिंग करने में सक्षम होंगे।

फोन के माध्यम से या ऑनलाइन बुकिंग कैसे करें – इसके बारे में विस्तृत विवरण 24 फरवरी को जारी किया जाएगा और COVID-19 टीकाकरण वेब पेज पर लिंक्स पोस्ट किए जाएँगे। जो वरिष्ठजन अलग-थलग रहते हैं और जिन्हें गतिशीलता में चुनौतियों का सामना करना पड़ता है, उनके लिए उपलब्ध समर्थनों के बारे में जानकारी भी पोस्ट की जाएगी।

सँयुक्त परिवेशों में रहने वाले वरिष्ठजन

एल्बर्टा स्वास्थ्य सेवाएँ (Alberta Health Services) सेवानिवृत्त केंद्रों, लॉजों, समर्थन-प्राप्त आवासों और अन्य सँयुक्त आवास सुविधाओं में रहने वाले 75 वर्ष या इससे अधिक आयु के सभी निवासियों को सीधे टीके प्रस्तुत करेगी। टीकाकरण सेवाओं के लिए एपॉइंटमेंटों की व्यवस्था करने के उद्देश्य से स्वास्थ्य अधिकारी वरिष्ठजन सँयुक्त देखभाल सुविधाओं के साथ संपर्क करेंगे।

जिन स्थलों में पात्र वरिष्ठजन 75 वर्ष से कम आयु के निवासियों के साथ व्यवहार करते हैं, वहाँ स्वास्थ्य अधिकारी सुविधा में रहने वाले सभी लोगों को टीके प्रस्तुत करेंगे। सभी निवासियों को एक साथ COVID-19 का टीका लगाने से रोग के फैलाव, गंभीर रूप से बीमार पड़ने और सबसे अधिक संवेदनशील लोगों की मृत्यु का खतरा कम होता है।

पात्र एल्बर्टावासी

75 वर्ष और इससे अधिक आयु के वरिष्ठजन COVID-19 टीका प्राप्त करने के लिए पात्र एल्बर्टावासियों की बढ़ती सूची में शामिल किए जाएँगे, जिनमें शामिल हैं:

- COVID-19 इकाइयों, मेडिकल और सर्जिकल इकाइयों और ऑपरेटिंग कक्षों में काम करने वाले स्वास्थ्य-देखभाल कर्मचारी।
- आपातकाल विभागों में काम करने वाले स्वास्थ्य-देखभाल कर्मचारी।
- गृह देखभाल कर्मचारी।
- दीर्घकालिक देखभाल और नामित समर्थन-प्राप्त आवासीय सुविधाओं के निवासी और कर्मचारी।
- श्वसन चिकित्सक।
- पैरामेडिक्स और आपातकालीन चिकित्सा तकनीशियन।
- 65 वर्ष और इससे अधिक आयु के फर्स्ट नेशन्स, मेटिस और अन्य लोग, जो फर्स्ट नेशन्स समुदाय या मेटिस बस्ती में रहते हैं।

Completion of second doses in long-term care and designated supportive living facilities

- एल्बर्टा स्वास्थ्य सेवाओं (Alberta Health Services) द्वारा अनुबंधित दीर्घकालिक देखभाल और नामित समर्थन-प्राप्त सुविधाओं में रहने वाले निवासी अब COVID-19 से पूरी तरह से प्रतिरक्षित है।
- पूरे प्रांत में अब 29,233 निवासियों को टीके की दो खुराकें मिल चुकी हैं। यह आकड़ा अत्यधिक बीमार या अन्यथा दोनों खुराकें प्राप्त करने में असमर्थ लोगों के अलावा सुविधाओं के सभी पात्र निवासियों का प्रतिनिधित्व करता है।

एल्बर्टा की सरकार COVID-19 महामारी की प्रतिक्रिया में वक्र को मोड़ने, छोटे व्यवसायों को कार्यरत बनाए रखने और एल्बर्टा की स्वास्थ्य-देखभाल प्रणाली की सुरक्षा के लिए सटीक उपायों के माध्यम से जीवन और लोगों की आजीविका की रक्षा कर रही है।

संबंधित जानकारी

- COVID-19 टीकाकरण कार्यक्रम

मीडिया पूछताछ

जेरिका गुडविन
587-988-3278
प्रेस सचिव, प्रीमियर कार्यालय
(Press Secretary, Office of the Premier)

टॉम मैकमिलन
780-422-4905
संचार सहायक निदेशक, स्वास्थ्य
(Assistant Director of Communications, Health)

अन्य सरकारी अनुवादित संसाधनों के लिए कृपया वेबसाइट https://www.alberta.ca/covid-19-translated-resources.aspx पर जाएँ।